# हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(द्वितीय सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## सोमवार, 26 मार्च, 2018/5 चैत्र, 1940 (शक्)

----

**[मुख्य मन्त्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - कृषि मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा वन मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 58**

----

### 33के0वी0 सब-स्टेशन संगड़ाह

***161 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी ):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) 33 के0वी0 सब-स्टेशन संगड़ाह के कार्य की निविदाएं कर दी गई हैं; और

(ख) यदि हां, तो कब तक कार्य प्रारम्भ किया जाएगा?

----

### पैंशन व्यवस्था

***162 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) क्या सरकार प्रदेश में मई, 2003 के बाद कार्यरत कर्मचारियों को पुरानी पैंशन व्यवस्था लागू करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

----

## **विकास खण्ड कार्यालय की स्थापना**

***163 श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खण्ड कार्यालय खोलने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## **राष्ट्रीय राजमार्ग**

***164 श्री सुरेश कुमार कश्यप (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत किन-किन सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया; सड़कवार ब्यौरा दें; और

(ख) इनकी डी0पी0आर0 की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## **कोल बांध विस्थापितों को रोजगार**

***165 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि एन0टी0पी0सी0 द्वारा कोल बांध निर्माण के दौरान हुए समझौते अनुसार दिनांक 15 फरवरी, 2018 तक कितने विस्थापित व अन्य लोगों को किस-किस अनुपात में रोजगार उपलब्ध करवाया गया; ब्यौरा लाभार्थियों के नाम व पते सहित दें?

----

## **बस अड्डा चैल चौक**

***166 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में कितने नए बस अड्डों का निर्माण किया गया नाम सहित विवरण दें;

(ख) यह सत्य है कि पूर्व सरकार द्वारा नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत चैल चौक में बस अड्डा निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत की थी; और

(ग) यदि हां, तो कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

----

## औद्योगिक इकाईयां

***167 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में औद्योगिक इकाईयां स्थापित करने हेतु धारा 118 के अन्तर्गत कितने मामले स्वीकृति हेतु प्राप्त हुए व वर्तमान में कितने लम्बित है; और

(ख) सरकार प्राथमिकता के आधार पर अनुमति देने का विचार रखती है?

----

## कौशल फ्लोर मिल टाहलीवाल

***168 श्री राजेश ठाकुर (गगरेट):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि खाद्य आपूर्ति निगम को आटे की आपूर्ति करने वाली कौशल फ्लोर मिल टाहलीवाल में अनियमितताएं पाई गई हैं; यदि हां, तो इसके विरूद्ध सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई?

----

## पौंग डैम वन्य जीव अभ्यारण्य

***169 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या सरकार पौंग डैम wild life sanctuary की देख-रेख के लिए नगरोटा सूरियां में ACF (wild-life) कार्यालय को पुनः खोलने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण;

(ख) इस sanctuary में आने वाले प्रवासी पक्षियों के अध्ययन के लिए सरकार क्या यहां ornithology केंद्र खोलेगी; यदि हां, तो कब तक; और

(ग) यदि नहीं, तो प्रवासी पक्षियों के व्यवहार तथा उनके आने से स्थानीय पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव व किसानों की फसलों को प्रवासी पक्षियों के नुकसान से निपटने हेतु सरकार क्या पग उठाएगी?

----

## सुरंग निर्माण

***170 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या सरकार जलोड़ी पास के नीचे सुरंग बनाने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हाँ, तो इस का सर्वे कब तक करवाया जाएगा?

----

## झुन्डी मोहल्ला में बिजली

*171 **श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि ऊना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मैहतपुर पंचायत वार्ड न0 5 झुन्डी मोहल्ला के स्थानीय निवासी पंजाब से मंहगी दर पर बिजली ले रहे हैं; और

(ख) यदि हाँ, तो सरकार इनको प्रदेश से बिजली उपलब्ध करवाने हेतु क्या पग उठा रही है?

----

## पर्यटन सूचना केन्द्र

*172 **श्री राकेश कुमार (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सुन्दरनगर में पर्यटन विभाग का पर्यटन सूचना केन्द्र और रेस्तरां बन कर तैयार है; और

(ख) यदि हां, तो इसमें कौन सा कार्यालय चल रहा है?

----

## पांगी सब डिपू

*173 **श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पांगी में हि०प्र० पथ परिवहन निगम के सब डिपू की स्थापना की गई थी;

(ख) यदि हाँ, तो इसमें कितने पद स्वीकृत हैं और कितने रिक्त हैं इनको कब तक भर दिया जाएगा; और

(ग) क्या सरकार बसों की बढ़ौतरी का विचार रखती है?

----

## Religious Tourism

***174 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that there is a large scope of cultural and religious tourism in Solan Legislative Assembly Constituency; and

(b) if yes, the Government will frame any policy for cultural and religious tourism; details be given?

----

## 33 KVA कोटला

***175 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कोटला (चक्क सराय) में निर्माणाधीन 33 KVA के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई व इसका शिलान्यास कब हुआ और कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

----

## पशु चिकित्सा औषद्यालय

***176 श्री राजिन्द्र गर्ग (घुमारवीं):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में घुमारवीं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कहां-कहां वैटरिनरी डिस्पैंसरी खोली गई; ब्यौरा दें;

(ख) इनके भवन हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; और

(ग) वर्तमान में कितनी पंचायतें वैटरिनरी डिस्पैंसरी रहित हैं; ब्यौरा दें?

----

## प्रभावितों को रोज़गार

***177 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) NHPC द्वारा द्वितीय व तृतीय चरण में कितने विस्थापितों और प्रभावितों को रोज़गार दिया गया; नाम सहित ब्यौरा दें; और

(ख) परियोजना बनने से पूर्व इन लोगों के पास कितनी ज़मीन थी; कितनी परियोजना में गई और कितनी शेष है; इनको स्थायी रोज़गार देने हेतु कोई योजना है?

----

## Identification of BPL families

*178 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state that:-

(a) what steps have been taken by the Government to identify incorrect entries of BPL families in the State; and

(b) what is the procedure for incorporating leftout BPL families and detecting ineligible BPL families?

----

## पर्यटन को बढ़ावा

*179 **श्री जवाहर ठाकुर (दरंग ):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पर्यटन के क्षेत्र में क्या-क्या कार्य किये गये; ब्यौरा दें; और

(ख) पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु किन-किन स्थानों को चिन्हित किया गया और कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा दें?

----

## पशु अस्पताल/औषधालय

*180 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने पशु अस्पताल व पशु औषधालय हैं;

(ख) इनमें से कितने सरकारी भवन व निजी भवन में चल रहे हैं; और

(ग) वर्तमान में कितने पद पशु चिकित्सक के रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

----

## पंचवटी- रग्यान सड़क

*181 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी)**:

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पंचवटी से रग्यान सड़क का जीरो प्वाईंट का ग्रेड खराब होने के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इसके ग्रेड को सुधारने का विचार रखती है?

----

## तालाब का निर्माण

*182 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)**:

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि बड़ोटा डवाला डैम ग्राम पंचायत रोड़ जामन में मछली पालन व कृषि विभाग ने तालाब हेतु एक-एक लाख रुपये खर्च दर्शाया है, जबकि तालाब स्थानीय जनता द्वारा अपनी धनराशि देकर बनवाया गया; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इसकी जांच करवाएगी?

----

## वर्षा शालिका

*183 **श्री होशयार सिंह (देहरा)**:

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में जिला ऊना में कितनी आधुनिक वर्षा शालिकाएं किस एजेंसी द्वारा निर्मित की गई हैं व उन पर कितना व्यय हुआ है; और

(ख) निर्माण कार्य किन-किन ठेकेदारों को आबंटित किया गया; ब्यौरा दें ?

----

## मनरेगा के अन्तर्गत राशि

*184 **श्री हीरा लाल (करसोग)**:

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वित्तीय वर्ष 2017-18 में करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की किस-किस पंचायत को मनरेगा के अन्तर्गत कितनी-कितनी धनराशि जारी की है; ब्यौरा पंचायत, कार्यवार व राशि के व्यय सहित दें; और

(ख) प्रत्येक कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है, ब्यौरा दें?

----

## Latest Position of Roads/ Bridge

***185 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that what is the latest position of Dhandol-Kashapat Lalsa-Chiksa, upgradation of Tikkar-Khamardi, Kyao-Kurt, Kinfi roads and RaiKhad Bridge at Sarahan?

----

## Employment

***186 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that what is the Government policy for employment of people affected by Kol Dam project on Satluj river at Lunsu, Putakhara etc.?

----

## Mandheter-Marhana संपर्क सड़क

***187 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुजानपुर उप-मण्डल के अन्तर्गत Mandheter-Marhana संपर्क सड़क के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है तथा कार्य कब तक पूर्ण किया जाएगा?

----

## योजनाओं हेतु धनराशि

***188 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में पर्यटन विभाग ने जिला कुल्लू में कितनी योजनाओं पर धनराशि व्यय की है; योजनावार ब्यौरा दें?

----

## राशन डिपो

***189 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने राशन डिपो हैं; ब्यौरा नाम व स्थान सहित दें;

(ख) चौपाल में मिट्टी तेल की कम आपूर्ति के क्या कारण हैं;

(ग) डिपू होल्डर क्या ग्राहक को मान्य रसीद देते हैं; रसीद का नमूना सभा पटल पर रखें; और

(घ) क्या डिपू होल्डर राशन के मूल्य की सूची बोर्ड पर दर्शाता है; यदि हां, तो मूल्य की सूची सभा पटल पर रखें?

----

## Contract Period

*190 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that whether it is a fact that presently services of contractual employees are regularised after three years; if so, whether Government proposes to shorten this period.

----

## पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान बैजनाथ

*191 **श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान बैजनाथ के भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई है और इस का कार्य कब पूर्ण हुआ; और

(ख) इस का उद्‌घाटन कब किया गया तथा इसके उपरान्त 15 फरवरी 2018 तक कितने प्रशिक्षुओं/कर्मचारियों को बैजनाथ के निजी होटलों में ठहराया गया है; उन पर कितनी धनराशि व्यय की गई है ; ब्यौरा दें?

----

## लोक निर्माण विभाग में रिक्तियां

*192 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) जिला चम्बा में लोक निर्माण विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं;

(ख) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा उपमण्डलवार दें; और

(ग) विभाग में कार्यरत किन-किन श्रेणियों के कर्मचारियों का स्टेट, ज़िला, सर्कल, मंडल और उपमंडल में कितना सैंक्शन्ड काडर है; श्रेणीवार ब्यौरा दें?

----

## राष्ट्रीय उच्च मार्ग

*193 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भोटा-जाहू-कलखर-नेर चौक राष्ट्रीय उच्च मार्ग (भाग कलखर से नेर चौक) की डी०पी०आर० की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## New Bus Service

*194 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state that:-

whether there is any proposal to start new bus service on Paonta-Vikasnagar-Shorli and Bakras-Paonta-Nahan route; if yes, by when?

----

## बस सेवा

*195 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी ):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार पुनरधार ओल सड़क पर कब तक बस सेवा प्रारम्भ करने का विचार रखती है?

----

## लोक निर्माण विभाग में सेवा विस्तार

*196 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षो में प्रदेश में लोक निर्माण विभाग में कितने कर्मचारियों तथा अधिकारियों को सेवा विस्तार तथा पुनर्नियुक्ति प्रदान की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) सेवा विस्तार तथा पुनर्नियुक्ति किस आधार पर प्रदान की गई; ब्यौरा दें?

----

## बस अड्डे निर्माण

*197 **श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या सरकार औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में आधुनिक बस अड्डे का निर्माण करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां ,तो कब तक?

----

## मुख्य मन्त्री सड़क योजना

*198 **श्री सुरेश कुमार कश्यप (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों के दौरान पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मुख्य मन्त्री सड़क योजना के तहत कितनी सड़कों को डाला गया;

(ख) इन सड़कों के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; और

(ग) इनमें से कितनी सड़कों का निर्माण कब किया गया है; सड़कवार ब्यौरा दें?

----

## नाबार्ड के अन्तर्गत धनराशि

*199 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में नाबार्ड के अन्तर्गत प्रदेश में कितनी धनराशि आबंटित की गई; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

----

## प्रधानमन्त्री आवास योजना

*200 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो वर्षों में प्रदेश में प्रधानमन्त्री आवास योजना के अन्तर्गत कितने आवास स्वीकृत हुए व कितने बनकर तैयार हुए हैं; ब्यौरा विधान सभा क्षेत्रवार दें?

----

## पुल निर्माण

*201 **श्री अर्जुन सिंह(ज्वाली) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गज खड्ड पर नगरोटा सूरियां के पुल का शिलान्यास कब हुआ तथा निर्माण के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई;

(ख) इसका कार्य कब तक प्रारम्भ किया जाएगा;

(ग) देहरा-ज्वाली राष्ट्रीय राजमार्ग की डी०पी०आर० क्या तैयार की गई है; और

(घ) यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## रामपुर विद्युत परियोजना

*202 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत रामपुर विद्युत परियोजना कब प्रारम्भ हुई;

(ख) इसके चालू होने से कौन-कौन सी पंचायतें प्रभावित हुई; और

(ग) लाडा के अन्तर्गत इन पंचायतों को कितनी-कितनी धनराशि दी गई; पंचायतवार ब्यौरा दें; और इन पंचायतों के अतिरिक्त किन-किन स्थानों पर धनराशि व्यय की गई?

----

## भटोली पंचायत अनियमितताएं

*203 **श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि ऊना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में भटोली पंचायत के उप-प्रधान व वार्ड सदस्यों ने पंचायत में हो रही अनियमितताएं का शिकायत पत्र ज़िला पंचायत अधिकारी को सौंप दिया है; यदि हां, तो उस पर क्या कार्रवाई की गई?

----

## होली उतराला सुरंग

***204 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि होली उतराला सुरंग का निर्माण कार्य किन कारणों से लंबित है; इसका कार्य कब तक आरम्भ किया जायेगा; ब्यौरा दें?

----

## Contract Employees

***205 Sh. Balbir Singh (Chintpurni):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

a) during the last three years how many employees were appointed on regular and contract basis by HP Public Service Commission and Subordinate Staff Selection Commission; category and department wise details be given;

b) what was the mode of selection; details be given; and

c) whether the period of service rendered on contract basis is counted for seniority; if not, reasons therefore?

----

## विधायक प्राथमिकता योजनाएं

***206 श्री राजिन्द्र गर्ग (घुमारवीं):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में घुमारवीं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग से सम्बन्धित विधायक प्राथमिकता की किन योजनाओं की डी० पी० आर० कब बनाई गई; ब्यौरा दें; और

(ख) ऐसी कौन-कौन सी योजनाएं हैं जिनकी डी०पी०आर० नहीं बनाई गई; ब्यौरा योजनावार दें?

----

## राष्ट्रीय उच्च मार्ग 305

***207 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग 305 औट-लुहरी का कार्य कब प्रारम्भ हुआ तथा कितना कार्य हो चुका है; शेष कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा?

----

## दुग्ध सोसाइटियां

***208 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग ):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) मण्डी जिला में कौन-कौन सी दुग्ध सोसाइटियां कार्य कर रही हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में दूध को क्रय करने की दर में कब-कब वृद्धि की गई?

----

## सड़कों की अद्यतन स्थिति

***209 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) समाला (रोहड़ू) जुनिधार सड़क का कार्य कब आरम्भ हुआ और इस पर कितनी धनराशि व्यय हुई;

(ख) इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण हो जाएगा; और

(ग) पेखा और जाखी सड़क की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## गैस एजेंसी

***210 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में शिमला ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत धमून, चनोग, रामपुरी, बागी, बायचड़ी आदि में गैस एजेंसी नहीं है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार वहां के लिए सप्ताह में एक दिन गैस सप्लाई करने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो कब तक?

----

## रास्ता ठीक करवाना

***211 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि न्यू मैट्रोपोल, MLA होस्टल शिमला के दोनों तरफ टूटे रास्ते को कब तक ठीक करवा दिया जाएगा?

----

## चौकीदारों की भर्ती

***212 श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि गत तीन वर्षों में प्रदेश के ग्यारह ज़िलों में एस0डी0एम0 के माध्यम से चौकीदारों के पद भरे गए हैं; और

(ख) यदि हां, तो ज़िला कांगड़ा में पद न भरने के कारण क्या रहे?

----

## SCCP के तहत सड़क निर्माण

***213 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि लोक निर्माण मण्डल करसोग में एस0सी0सी0पी0 के अन्तर्गत कौन-कौन सी सड़कों का निर्माण किया गया है; स्वीकृत राशि व व्यय सहित विवरण दें?

----

## Skill Development Centre at Shoghi

***214 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that what is the present status of funds being allocated from ADB for skill development centre at Shoghi?

----

## अन्तरराष्ट्रीय मेलों की अधिसूचना

***215 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में मनाये जाने वाले कौन-कौन से त्यौहार व मेले कब-कब अन्तरराष्ट्रीय घोषित किए गए; अधिसूचना की प्रतियां सभा पटल पर रखें?

----

## नन्दपुर-देईया सड़क

***216 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि नन्दपुर (कुपवी) से ग्राम पंचायत भालू, धोताली सड़क के देईया तक का कार्य आबंटित किया गया; यदि हां, तो कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

----

## सड़क/पुल निर्माण

***217 श्री मुलख राज (बैजनाथ)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी सड़कों एवं पुलों का निर्माण कार्य विधायक वास्तविक नई योजना और विधायक प्राथमिकता में डाला गया है;

(ख) इनमें से कितनी योजनाओं का कार्य प्रारम्भ हो चुका है; कितने कार्य पूर्ण कर लिए हैं और कितने वन भूमि व निजी जमीन के कारण प्रारम्भ नहीं हो सके ; और

(ग) सरकार द्वारा वन भूमि की क्लीयरेंस व निजी जमीन के हस्तांतरण हेतु क्या कार्रवाई की है; ब्यौरा दें ?

----

## विधायक प्राथमिकता

***218 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में बल्ह विधान सभा चुनाव क्षेत्र में विधायक प्राथमिकता की कितनी और कौन-कौन सी योजनायें विस्तृत योजना रिपोर्ट डी०पी०आर० न बनने के कारण निरस्त (Drop) हो गई; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.**
**दिनांकः 9 मार्च , 2018.**

**सुन्दर सिंह वर्मा,**
**सचिव।**